हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–148 : जौनपुर, शनिवार 30 जुलाई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## पहले सिर्फ चार जिलों को मिलती थी बिजली : अब प्रदेश का हर गांव व जिला वीआईपी –मुख्यमंत्री

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उज्ज्वल भारत के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए बिजली महोत्सव व ऊर्जा दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में 2,723.20 करोड़ रुपये की लागत से 17 पारेषण एवं वितरण उपकेन्द्रों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिन जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर परियोजना पूरी हुई है उन्हें बधाई। जिन परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है उनका समय पर कार्य पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि 1.21 लाख गांव में आजादी के बाद भी बिजली नहीं पहुंच पाई थी। हमने हर घर बिजली के लक्ष्य को पूरा किया है। अब प्रदेश का हर जिला और गांव वीआईपी होगा। पहले चार जिलों में बिजली मिलती थी। अब सभी जगह रोस्टर के अनुसार बिजली दे रहें है। अगले पांच साल में अपनी बिलिंग और कनेक्शन एफिशिएंसी को बढ़ाना विभाग के लिए चुनौती है। हमें विद्युत की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनना है। पावर कारपोरेशन बिना भेदभाव के बिजली उपलब्ध कराएगा। अब हम पड़ोसी देशों को निर्यात कर रहे बिजलीरू ऊर्जा मंत्री ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि पिछले छह दिन से ऊर्जा महोत्सव मनाया



जा रहा है। आज महोत्सव के समापन का दिन है। विकास में ऊर्जा बड़ा कारक रही है। देश में पानी, बिजली और सड़क राजनीतिक मुद्दा बनता है। देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए ऊर्जा का विकास, बिजली की निर्बाध आपूर्ति आवश्यक है। पहले देश बिजली की कमी के लिए जाना जाता था और 5 से 10 प्रतिशत की कमी बनी रहती थी। अब हम पड़ोसी देशों को बिजली निर्यात कर रहे हैं। सौभाग्य योजना के तहत यूपी को 1.43 करोड़ कनेक्शन दिए गए हैं। बिजली महोत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी के अलावा, ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा, राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर, अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी और पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## कमजोर बूथों को मजबूत करने में कैबिनेट मंत्री अन्नपूर्णा देवी यादव ने कार्यकर्ताओं को दिया खास संदेश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भाजपा अभी से 2024 आम चुनाव की तैयारियों में जुट गयी है इस कड़ी में केन्द्रीय मानव संसाधन राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी यादव जौनपुर भाजपा कार्यालय पहुँची जिनका बीच बीच मे कार्यकर्ताओ द्वारा भव्य स्वागत हुआ। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इसके पहले मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी यादव और जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह सयुक्त रूप से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एव पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारम्भ की। मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा यादव ने कहा कि भारत का सौभाग्य है कि एक आदिवासी परिवार की बेटी जिसका जीवन समाज की सेवा में बीता है ऐसी गरीब आदिवासी महिला देश की राष्ट्रपति बनी ये हम सभी के लिए गौरव की बात है महिला सशक्तिकरण में भारत अग्रिम भूमिका निभा रहा है। लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत 50 से अधिक करने की योजना के तहत विभिन्न वर्गों को पार्टी से जोड़ने, केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से लगातार संपर्क और समन्वय बनाए रखने, विभिन्न धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों के जरिये जनता के बीच पहुंचकर सरकार व संगठन की बात को उन तक पहुंचाने की बात की है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को 2024 के चुनाव में फिर से साबित करना है कि यूपी की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को 75 सीटें जिताएगी। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्यकर्ताओं को एक ओर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को लेकर घर–घर जाना पड़ेगा तो दूसरी ओर एक–एक व्यक्ति को भाजपा से जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को 2024 के चुनाव में फिर से साबित करना है कि यूपी की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को 75 सीटें जिताएगी। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्यकर्ताओं को एक ओर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को लेकर घर–घर जाना पड़ेगा तो दूसरी ओर एक–एक व्यक्ति को भाजपा से जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर निर्माण के बाद अब काशी ने अंगड़ाई ली है। उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का लोकार्पण होने के बाद वहां प्रतिदिन एक लाख श्रद्धालु आ रहे है। काशी प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप अपने नाम को सार्थक कर रही है। काशी उस दिशा आगे बढ़ चुका है। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल




इंजन की सरकार बेहद मजबूती से मिलकर विकास कार्य की गंगा बहा रही है, जनता का मोदी जी के प्रति विश्वास और भी बढा है। भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसका एक सामान्य कार्यकर्ता भी पार्टी और देश के उच्च शीर्ष पर पहुंच सकता है इसके लिए उन्होंने वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू जी का उदाहरण दी। उन्होंने आगे कहा कि कोरोना काल के दौरान मोदी जी के निर्देश पर सभी गरीबों को अनाज, दवा और मूलभूत सेवाओं को पहुंचाया गया और लोगों को निरूशुल्क जन औषधि वैक्सीन को जन–जन तक लगवाने का भी ऐतिहासिक विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। भारतीय जनता पार्टी सरकार अपने सच्चे नीति और नियत के साथ जनता के साथ जोड़कर विकास के कार्य करती है इसी के तहत जनता का हमारे प्रति विश्वास बढ़ा है और हमें पूरी आशा और विश्वास के साथ हम 2024 में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम को राज्यसभा सदस्य सीमा द्विवेदी, राज्य सरकार में स्वतंत्र प्रभार मन्त्री गिरीश चन्द्र यादव, लोकसभा प्रभारी बृजेन्द्र राय, लोकसभा संयोजक सुभाष कुशवाहा ने भी अपना उद्बोधन दिया। अंत मे जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने आये हुये अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन करते हुए कहा कि मैं आपको कार्यकर्ताओ की तरफ से आश्वस्त करता हूं कि जिस उद्देश्य के लिए आपको यहा भेजा गया है उस उद्देश्य को पूर्ण करते हुये जौनपुर लोकसभा जीतकर भारतीय जनता पार्टी की झोली में डाल देगी। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने की। उक्त अवसर पर जिला महामन्त्री पीयूष गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, सुनील तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुधाकर उपाध्याय, सुरेंद्र कुमार सिंघानिया, संतोष सिंह, राकेश वर्मा, ओमप्रकाश निषाद, जिला मंत्री रविंद्र सिंह राजू दादा, अवधेश यादव, प्रमोद यादव, विपिन द्विवेदी, ओमप्रकाश सिंह, राजेश्वरी सिंह, अजीत प्रजापति, रामसूरत बिन्द, जितेंद्र सिंह, सजल सिंह, धनञ्जय सिंह, हरसू पाठक, पवन पाल, आशीष गुप्ता, आमोद सिंह, सिद्धार्थ राय, रोहन सिंह, नरेन्द्र उपाध्याय, रागिनी सिंह, दिव्याशु सिंह, अनिल गुप्ता, अजय सरोज, मेराज हैदर, विनीत शुक्ला, इन्द्रसेन सिंह, प्रमोद प्रजापति, सुशांत चौबे, अवनीश यादव, संतोष सेठ राजकुमार जायसवाल, मण्ड़ल अध्यक्ष गण विनोद शर्मा, यादवेंद्र सिंह, विनोद मौर्य, अमित श्रीवास्तव, विकास शर्मा, राजकेशर पाल, धर्मेंद्र मिश्रा, सुनील अग्रहरि, हृदय नारायण शुक्ला, वंशबहादुर पाल, जितेन्द्र मिश्रा, अजय मिश्रा, नरेन्द्र विश्वकर्मा, सुरेन्द्र विक्रम सिंह, महेंद्र बिन्द, संतोष गुप्ता, दिलीप शर्मा, मण्डल प्रभारी गण विधानसभा संयोजक एव विधानसभा प्रभारी गण, उपस्थित रहे।

## जनपद में बन्धुत्व एकता सौहार्द एवं प्रेम बनाये रखने हेतु शांति समिति की बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जनपद में बन्धुत्व, एकता, सौहार्द, प्रेम बनाये रखने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में धार्मिक गुरुओं, समाजसेवी संगठनों, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ आगामी त्योहार मोहर्रम, रक्षाबंधन एवं अन्य त्योहार के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त लोगो से कहा कि आगामी त्योहार चन्द्र दर्शन के अनुसार मोहर्रम एवं 12 अगस्त को रक्षा बन्धन का पर्व सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी हम सबकी है। उन्होंने कहा कि त्योहार के दृष्टिगत जनपद में मजिस्ट्रेटों को तैनात किया गया है, थानों पर शान्ति समिति की बैठकें की जा रही है। उन्होंने समस्त तैनात मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक स्थिति में व्यवहार कुशलता, दृढ़ता, धैर्य एवं दूरदर्शिता से काम करेंगे, प्रत्येक स्थिति में अपने कुशल नेतृत्व में शांति व्यवस्था बनाये रखेंगे। किसी भी विषम परिस्थिति में सूचना जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक तथा संबंधित क्षेत्र में तैनात मजिस्ट्रेट को त्वरिततम साधनों से उपलब्ध करायी जाये। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्र में मस्जिदों की सफाई, पेयजल, प्रकाश आदि की प्रबंध कराना सुनिश्चित किया जाये। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि जो सड़कों में गड्ढे हो उन्हें तत्काल भर दिया जाए। अधी0 अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि त्योहारो के दौरान विद्युत आपूर्ति बनी रहे, ट्रास्फार्मर एवं तार ठीक करा लिया जाये। नमाज के समय मस्जिदों एवं शिवभक्तों द्वारा मन्दिरों पर जलाभिषेक के समय आवागमन के मार्गों पर किसी भी जानवारों का विचरण कदापि न होने पाये। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि खाद्य सामानों को दुकानो द्वारा अधिक मूल्य में न बेचने पाए इसकी जाँच करते रहे। प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के साथ एक मीटिंग करने का निर्देश अपर जिलाधिकारी को दिया। उन्होंने कहा कि शस्त्र प्रर्दशन की अनुमति नही है। अगर सोशल मीडिया पर कोई प्रतिबंधित और



आपत्तिजनक संदेश प्राप्त होता है तो प्रशासन को अवगत कराएं, पहचान सुनिश्चित करने के उपरांत सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ विधिसंवत कार्रवाई की जाएगी, अगर प्रतिबंधित संगठन की सक्रियता के बारे में पता चलता है तो अविलंब अवगत कराएं, जिससे प्रशासन उनके खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि कानून सभी के लिए एक समान है अगर किसी भी व्यक्ति के द्वारा किसी के धर्म को ठेस पहुंचाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी से अपील की है कि संविधान संगत व्यवहार करते हुए लोकतंत्र को मजबूत करने में जनपद के समस्त लोग सहयोग करें और विश्व के बड़े लोकतांत्रिक देश होने के कारण हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि इसको मजबूत बनाते हुए संपूर्ण विश्व को एकता का पाठ पढ़ाएं। पुलिस अधीक्षक अजय साहनी द्वारा कहा गया कि जहां–जहां जुलूस निकलता है वहां पर पुलिस प्रशासन द्वारा जाकर खुद देखा जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व में जैसे त्योहार मनाया जा रहा था वैसे ही त्योहार मनाया जायेगा, किसी भी प्रकार की नई परम्परा नही शुरु की जायेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वालो की निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार का भ्रामक खबरों को फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी और सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों के संबंध में अगर कोई ममला संज्ञान में आये तो तुरन्त प्रशासन से संवाद स्थापित करें, पुलिस प्रशासन द्वारा तत्काल समस्या का निदान किया जायेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 रामप्रकाश, समिति के सदस्य और व्यापार मण्डल के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## आधार नंबर एकत्र किए जाने के संबंध में बैठक संपन्न –उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश

जौनपुर सू.वि. : उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश की अध्यक्षता में शुक्रवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, स्वीप, सोशल मीडिया वाले के साथ आधार नंबर एकत्र किए जाने के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने बताया कि जुलाई 2022 तक संबंधित कार्मिकों को प्रशिक्षण, 01 अगस्त से 31 दिसम्बर 2022 तक आधार नंबर एकत्रीकरण हेतु जागरूकता कार्यक्रमों एवं घर–घर सर्वे किया जाएगा। घर घर सर्वे करते हुए बीएलओ मतदातओं से आधार की फोटो कॉपी एकत्र करेंगे जिससे आधार कार्ड को वोटर कार्ड से लिंक करा जाएगा, इसके अलावा गरुण एप वोटर हेल्पलाइन व एनवीएसपी एप के माध्यम से मतदाता स्वंय भी अपने मोबाइल से अपने वोटर कार्ड को आधार कार्ड से लिंक कर सकते है। 07 अगस्त 2022 एवं 21 अगस्त 2022 रविवार को आधार नंबर एकत्रीकरण हेतु बूथ स्तर पर विशेष अभियान की तिथियां तय की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि 01 अगस्त को मुख्यालय व तहसीलध विधानसभा क्षेत्र स्तर के कॉलेजध स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि मतदाता के पास आधार नंबर उपलब्ध नहीं है तो उसे मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक, डाकघर द्वारा जारी की गई पासबुक, श्रम मंत्रालय की स्कीम के अधीन जारी स्वास्थ्य बीमा कार्ड, चालान अनुज्ञप्ति, पैन कार्ड, एनपीआर के अधीन जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट छायाचित्र के साथ पेंशन दस्तावेज, केंद्रीयधराज्य सरकार ध्पीएमयूध पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी छायाचित्र के साथ सेवा पहचान कार्डध संसद सदस्यधविधान सभा सदस्यधविधान परिषद सदस्यों को जारी की पहचान पत्र तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी विशिष्ट पहचान परिचय पत्र यूआईडी जमा करना होगा। बैठक में स्वीप कोर्डिनेटर मो0 मुस्तफा, रमेश चन्द्र यादव, बृजेश चतुर्वेदी, महबूब अली, नोडल अधिकारी एनएसएस अजय विक्रम सिंह, भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि विनीत शुक्ला, समाजवादी पार्टी के श्याम बहादुर पाल, हीरालाल, राष्ट्रीय लोक दल से डॉक्टर सत्येंद्र सिंह, कांग्रेस से अली अंसारी, सीपीआई से जयप्रकाश सिंह, किरन शंकर आदि उपस्थित रहे।

## समय से फॉर्म भरने वालों से नहीं लिया गया विलम्ब शुल्क– परीक्षा नियंत्रक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक बी एन सिंह ने पीजी कॉलेज गाजीपुरके प्राचार्य को विलम्ब परीक्षा शुल्क के विरोधमें छात्रों के धरने के सम्बन्ध में पत्र भेजा है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय को 25 जुलाई को ईमेल भेज कर परीक्षा फार्म में लिए गए अतिरिक्त शुल्क पांच सौ रूपए वापस करने की मांग की गयी है। इस सम्बन्ध में परीक्षा नियंत्रक ने प्राचार्य को भेजे पत्र में लिखाहै कि स्नातक द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा फार्म भरने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा बिना विलम्ब शुल्क के तीन बार कमशरू 17.05.2022 से 26.06.2022 तक, 27.05.22 से 02.06.22 तक तथा दिनांक 05.06.2022 से 08.08.2022 तक तिथियां निर्धारित की गयी थी,तत्पश्चात विलम्ब शुल्क सहित 26.06.2022 से 28.08.2022 तक तिथि निर्धारित थीं। छात्रों को बिना विलम्ब शुल्क परीक्षा फार्म भरने हेतु पर्याप्त अवसर प्रदान किया गया.परीक्षा फार्म भरने हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 17.05.2022 से 08.06.2022 तक अधिकांश छात्रों द्वारा परीक्षा फार्म भर दिया गया था।उनसे किसी प्रकार का विलम्ब शुल्क नहीं लिया गया है। कतिपय छात्र जिनके द्वारा विलम्ब शुल्क के साथ निर्धारित तिथियों में परीक्षा फार्म भरा गया, उनसे ही विलम्ब शुल्क लिया गया है। छात्रों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया गया है। परीक्षा नियंत्रक ने प्राचार्य पीजी कॉलेज गाजीपुर को छात्रों को उक्त वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए कहा है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## गीता जू गोरखपुर में आई सफेद बाघिन : देखने में करना होगा अभी इंतजार

गोरखपुर ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणी उद्यान गोरखपुर में सफेद बाघिन गीता का दीदार करने के लिए कुछ दिन और इंतजार करना पड़ेगा। विश्व बाघ दिवस पर बाघिन गीता का पयर्टक



दीदार नहीं कर सकेंगे। प्राणी उद्यान प्रबंधन एवं वन विभाग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों बाघिन गीता को बाड़े में प्रवेश कराना चाहता है। व्यस्तताओं के कारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज हुए राज्य स्तरीय समारोह में वर्चुअली जुड़े। इस समय बाघिन गीता का बाड़े में प्रवेश रोक दिया गया है। बाघिन गीता क्वारंटीन सेल में रखी गई है। अति शीघ्र गोरखपुर मैं मुख्यमंत्री के आगमन पर गोरखपुर जू में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें गीता को बाड़े में प्रवेश कराया जाएगा जिसे देखने के लिए गोरखपुर वासियों की उत्सुकता बढ़ती जा रही है।

## नगर कोतवाली में बाइक चोरी रोकने हेतु एसपी ने गठित की 5 सदस्य टीम

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : नगर कोतवाली पुलिस शहर के विभिन्न क्षेत्रों से होने वाली बाइक चोरी की घटनाओं को रोकने में नाकामयाब साबित हो रही है। ताबड़तोड़ हो रही चोरी की घटनाओं ने नगर कोतवाली पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एसपी ने नगर कोतवाली की मुस्तैदी की कमी को देखते हुए 5 सदस्य टीम गठित कर दी है।शहर के दीवानी चौराहे, कलेक्ट्रेट के आसपास,चौक घंटाघर,जिला चिकित्सालय, रेलवे स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थानों पर बाइक चोर गिरोह सक्रिय है।आंकड़े कहते हैं कि लगभग एक दर्जन मोटरसाइकिल से अधिक रोजाना चोरों के हाथ लग रही हैं। जिसमें से आधे से भी कम मुकदमे के रूप में पंजीकृत हो रहे हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो जिले के सभी थानों में से बाइक चोरी के मामले में नगर कोतवाली शीर्ष पर है। ऐसे में ग्रामीण अंचल से आने वाले लोग बाइक चोर गैंग की सक्रियता को लेकर असुरक्षा महसूस करने लगे हैं।पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने बाइक चोरी के प्रकरण को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि नगर कोतवाली पुलिस के अपेक्षित परिणाम नहीं आने के चलते 5 सदस्य टीम गठित की गई है। यह टीम बाइक चोरी पर विराम लगाएगी। बाइक चोर गैंग का पर्दाफाश कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।

## कैम्प लगाकर कराया जाएगा जीएसटी का पंजीकरण : मनीष राय सहायक आयुक्त राज्यकर

जौनपुर सू.वि. : सहायक आयुक्त राज्यकर मनीष राय ने जीएसटी पंजीयन अभियान के बारे में बताया है कि उत्तर प्रदेश राज्य में पंजीकृत व्यापारियों के लिए बिना प्रीमियम के रू0 10 लाख व्यापारी दुर्घटना बीमा, जीएसटी कर प्रणाली में समस्त कार्य घर बैठे ऑनलाईन, देश के किसी भी राज्य से माल/सेवा खरीदने की सुविधा, 1.5 करोड़ वार्षिक टर्नओवर तक के छोटे एवं मझोले व्यापारियों के लिए समाधान योजना, छोटे एवं मझोले व्यापारियों के लिए अत्यन्त सरल रिटर्न फार्म सहज एवं सुगम, शून्य खरीद बिक्री के सम्बन्धित रिटर्न के माध्यम से दाखिल करने की सुविधा, रू. 5 करोड़ वार्षिक टर्नओवर तक के व्यापारियों के लिए तिमाही रिटर्न, वित्तीय संस्थानों/बैंको से ऋण लेने की सुविधा/अवसर जैसे लाभ प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया है कि शासकीय/अर्द्ध–शासकीय विभागो में सप्लाई/वर्क आर्डर प्राप्त करने के लिए जीएसटी पंजीयन की अनिवार्यता, उपायुक्त राज्य कर द्वारा जीएसटी पंजीयन प्राप्त करने हेतु पैन नम्बर, मोबाइल नं0, ई–मेल आईडी, आधार, व्यापार स्थल के पते का प्रमाण एवं बैंक खाते के प्रमाण को आवश्यक बताया। उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि जीएसटी पंजीयन से सम्बन्धित किसी भी जानकारी/सहयोग हेतु राज्य कर कार्यालय में स्थित हेल्प डेस्क अथवा सम्बन्धित अधिकारियों से सम्पर्क किया जा सकता है। एएलसी द्वारा अवगत कराया गया कि कैम्प लगाकर पंजीकरण कराया जाएगा।

–सुविचार–

**दुनिया की सबसे अच्छी किताब हम स्वयं हैं, खुद को समझ लीजिये, सब समस्याओं का समाधान हो जायेगा।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

# दृष्टिहीन–गरीब की पत्नी के एनीमिया का निःशुल्क हुआ इलाज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर के कौआपार के जोखन यादव गरीब व दृष्टिहीन हैं। उनकी पत्नी चिंता को खून की बहुत कमी थी। कमजोरी के साथ उसे पेट दर्द और कब्ज की समस्या भी रहती थी। जोखन ने चिंता का 26 जून को पचहटिया स्थित कुंवरदास सेवाश्रम हास्पिटल से आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज कराया। केस 2– महराजगंज ब्लॉक के कठार गांव के रमजान (75) को खांसी आती थी। उन्हें लकवा का भी असर था। खाना अच्छा नहीं लगता था। जीभ काली पड़ गई थी और पेट भी साफ नहीं रहता था। उन्होंने कन्धरपुर स्थित सॉल्यूशन हास्पिटल में आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज कराया। डिस्चार्ज होकर आने के बाद भी अस्पताल निशुल्क मिली। यह तो सिर्फ बानगी भर है। आयुष्मान भारत के जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) डॉ बद्री विशाल की मदद से ऐसे सैकड़ों लोग जिले में लाभान्वित हो रहे हैं जो धन की कमी के चलते इलाज नहीं करवा पाए थे। मुख्य चिकित्साधिकारी सीएमओ डॉ. लक्ष्मी सिंह बताती हैं, इस तरह से अभी तक जिले में 17,331 लोगों ने आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज कराया है और उनके इलाज मे 19.47 करोड़ रुपये से खर्च हुए हैं। आयुष्मान भारत की टीम जनपद में 1,42,205 लक्षित परिवारों के 7,11,025 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने का प्रयास कर रही है। जनपद में अंत्योदय राशन कार्ड के कुल 1,25,472 लाभार्थी परिवार हैं जिनसे संबंधित 4,14,516 लाभार्थी हैं। अब सभी अंत्योदय राशन कार्ड धारक अपने परिवार के सभी सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। आयुष्मान कार्ड धारक योजना के तहत 05 लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज पूरे देश में सूचिबद्ध किसी भी अस्पताल में करवा सकता है। जनपद में अभी तक 4,41,483 लोगों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। जनपद की आयुष्मान की टीम लाभार्थियों का पूरा सहयोग करती है जबकि साल्वेशन हास्पिटल के डॉ विवेक श्रीवास्तव, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के सचिव डॉ जाफरी भी मरीजों का बहुत सहयोग करते हैं। नोडल एसीएमओ डॉ राजीव कुमार कहते हैं कि योजना के तहत 05 लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज पूरे देश में सूचीबद्ध किसी भी अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारक करवा सकता है। आयुष्मान कार्ड होने पर लाभार्थी देश के किसी भी बड़े चिकित्सालय जैसे आल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस (एम्स), बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू), टाटा मेमोरियल, पीजीआई में भी इलाज करा सकता है। योजना के तहत इलाज के लिए जनपद में सरकारी अस्पताल से लेकर प्राइवेट अस्पतालों में विशेष विशेषज्ञता वाले डॉक्टरों के माध्यम से इलाज की सुविधा है। उन्होंने जनपद के लाभार्थियों से अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड होने के बाद भी किसी को इलाज में दिक्कत आ रही है तो राज्य स्तर से गठित डिस्ट्रिक्ट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट के अधिकारियों से सम्पर्क कर सकता है। जनपद की डिस्ट्रिक्ट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट में जिला सूचना प्रणाली प्रबंधक हिमांशु शेखर सिंह–91 90441 17874, जिला समन्वयक डॉ बद्री विशाल पांडे–91 94151 33125, जिला शिकायत प्रबंधक अवनीश श्रीवास्तव–91 70803 69406 हैं। इन नम्बरों पर फोन कर कोई भी सहयोग ले सकता है। आयुष्मान भारत योजना में सूचीबद्ध जनपद के सरकारी निजी अस्पतालों में इलाज के दौरान आने वाली समस्याओं का निराकरण करने में डिस्ट्रिक्ट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट पूरा सहयोग करती है जबकि निजी अस्पतालों में नोडल अधिकारी पूरा सहयोग देते हैं। 1670 बीमारियों का निरूशुल्क इलाजरू योजना के जिला सूचना प्रणाली प्रबंधक हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना में 1670 के लगभग बीमारियों का इलाज किया जाता है जिनमें कैंसर, हृदय रोग, हड्डी रोग, सभी प्रकार की सर्जरी, न्यूरो आदि से संबंधित बीमारियों के इलाज की सुविधा है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का जिन्हें पत्र मिला है। अंत्योदय कार्ड (गुलाबी राशनकार्ड) धारक, बिल्डिंग एंड अदर कंसट्रक्शन वर्कर योजना का लाभ उठा सकते हैं। वह पत्र के साथ राशनकार्ड और आधार कार्ड लेकर नजदीकी आयुष्मान मित्र या जनसेवा केंद्र के विलेज लेवल इन्टरप्रीनियर (वीएलई) से सम्पर्क कर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। कहां–कहां बनेगा काडरू योजना के जिला सूचना प्रणाली प्रबंधक हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि कार्ड सभी कोटेदारों के घर पर बनाया जाएगा। पंचायत भवन में सहायक पंचायत आपरेटर बनाएंगे। कामन सर्विस सेंटर पर विलेज लेवल इंटरप्रेन्योर (वीएलई) बनाएंगे। निजी अस्पतालों के आयुष्मान मित्र भी आयुष्मान कार्ड बनाएंगे। इन सभी जगहों पर कार्ड निरूशुल्क बनेगा। अब सभी अंत्योदय राशन कार्ड धारक अपने परिवार के सभी सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

## राजकीय कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निस्तारण ई–पेंशन सिस्टम द्वारा किया जायेगा : जिलाधिकारी जौनपुर

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अवगत कराया कि ऑनलाइन पेंशन स्वीकृति प्रणाली को पूर्णतया ऑनलाइन किए जाने हेतु शासनादेश के अनुसार सेवानिवृत्त होने वाले राजकीय कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निस्तारण ई–पेंशन सिस्टम द्वारा किये जाने सम्बन्धी व्यवस्था की गयी है। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वर्तमान में प्रचलित प्रक्रिया को समाप्त करते हुये से०नि० कर्मचारी द्वारा पेंशन प्रपत्र भरे जाने से लेकर पेंशन स्वीकृति आदेश के निर्गत होने तक की सम्पूर्ण कार्यवाही ऑनलाईन पोर्टल 'ई–पेंशन सिस्टम' से की जानी है जिसके क्रियावन्यन हेतु क्रमवार की जाने वाली कार्यवाही शासनादेश में वर्णित है। निदेशक, पेंशन निदेशालय उ०प्र० लखनऊ द्वारा ऑनलाईन स्वीकृति प्रणाली को पूर्णतयाः ऑनलाईन किये जाने सम्बन्धी कार्यविधि "न्यु ई–पेंशन पोर्टल मैनुअल'' जिसे epension.up.nic.in के क्वूदसवंक सेक्शन से भी डाउनलोड किया जा सकता है के अनुसार चरणबद्ध ढंग से इस हेतु कार्यवाही की जानी है। ई–पेंशन स्वीकृति प्रणाली को पूर्णतयाः ऑनलाईन किये जाने सम्बन्धी कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाना है। समस्त विभागाध्यक्ष को ई–पेंशन के सम्बन्ध में निर्धारित समयान्तर्गत कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित भी किया गया है। अपर निदेशक कोषागार एवं वाराणसी मण्डल वाराणसी द्वारा यह अवगत कराया गया है कि जौनपुर जनपद के कुल 30 पेंशन प्रकरण आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा ई–पेंशन पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये है जिसके लिये अपर मुख्य सचिव वित्त द्वारा बैठक में अप्रसन्नता व्यक्त की गई है। यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक है। अतः आप सभी विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया जाता है कि माह जुलाई 2022 में सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिक के पेंशन प्रकरण ई–पेंशन पोर्टल पर तत्काल अपलोड करायें। ई–पेंशन के सम्बन्ध में पेंशन प्रकरणो के अपलोड न किये जाने की दशा सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारियों के वेतन पर रोक लगाने की कार्यवाही भी की जा सकती है।

## भू–माफियाओ से परेशान पीड़ित ने जिलाधिकारी को दिया प्रार्थना पत्र : आमरण अनसन की दिया चेतवानी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एक तरफ जहां प्रदेश की योगी सरकार भू माफियाओं के खिलाफ अभियान चला रही है तो वहीं दूसरी तरफ जौनपुर में भूमाफिया इस कदर हावी है कि सरकारी आदेश के बाद भी बाउंड्री वाल गिरा दिया. इस संबंध में पीड़ित सौरभ दिवेदी द्वारा जिलाधिकारी से मिलकर अपनी बात रखते हुए प्रार्धना पत्र देते हुआ कहा कि यदि उनके प्रकरण में कोई कार्रवाई नहीं होती तो वह आमरण अनशन पर कलेक्टर परिसर में बैठ जाएंगे. जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में सौरभ द्विवेदी ने बताया है कि मेरे ग्रामसभा उदयचन्दपुर चक संख्या 640 व आराजी संख्या 14974. जो भू – माफियाओं द्वारा मेरे ही जमीन पर मेरे द्वारा जमीन को न घेर देने व 20.07.2022 को जानलेवा हमला करके हमारी बनायी गयी बाउण्ड्री को गिरा दिया गया है , उसके बाद मैं थानागद्दी चौकी इंचार्ज व प्रभारी निरीक्षक केराकत कोतवाली पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी महोदय को कई बार मिलकर लिखित व मौखिक रूप से अपनी समस्या बताया. जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का सीधा आदेश है कि भू – माफियाओं के खिलाफ व उनके संरक्षण देने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए । तहसील प्रशासन केराकत व जिला प्रशासन जौनपुर के गहरी नींद में सो जाने व दुलमूल रवैया अपनाने के कारण मैं आमरण अनशन पर बैठने पर



विवश हूँ । अगर जिला प्रशासन की ओर से भू – माफियाओं के खिलाफ उचित कार्यवाही नही की गयी तो हम थक हार कर आगमी चार अगस्त से अनिश्चित काल तक अपने सभी जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ आमरण अनशन पर बैठने के लिए बाध्य होंगे. ।हमारी मांग हमारे जमीन पर पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में गिरायी गयी बाउण्ड्री का पुनः निर्माण कराया जाय भू – माफियाओं द्वारा जो दीवाल गिरायी गयी है , उसका मुआवजा हमें दिलाया जाय भू – माफियाओं के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाय । दोषी अधिकारियों की जांच कराकर उनको बरखास्त किया जाय । भू – माफियाओं को शरण देने वालों पर उचित कार्यवाही की जाय । माफियाओं से हमारा व हमारे परिवार की सुरक्षा की व्यवस्था दी जाय।

# कलयुगी बेटे के खिलाफ पिता की हत्या का मुकदमा दर्ज

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) कोतवाली पिहानी क्षेत्र के मोहल्ला सर्कस पूरा निवासिनी नूरजहां ने अपने सगे बेटे आरिफ पर पुलिस को तहरीर देकर हत्या का मुकदमा लिखाया।आरोप है कि आरिफ ने अपने ही पिता नबी को जमीन के टुकड़े के लिए चाकुओं से गोदकर कर हत्या कर दी थी। आज कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने मृतक नबी की पत्नी नूरजहां की तहरीर पर आरिफ के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरिफ की मां नूरजहां ने अपने बेटे पर आरिफ पर आरोप लगाया है कि जमीन के लिए शुक्रवार की शाम 8रू00 बजे अपने पिता नबी को गाली गलौज कर रहा था। मना करने पर नबी के पेट में चाकू घोंप दिया। अपने पति नबी को घायल अवस्था में देवर सलीम के साथ मोटरसाइकिल पर लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने जख्म ज्यादा होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नूरजहां ने बताया कि इलाज के दौरान बीती रात उसके पति नबी की मौत हो गई। पुलिस तत्परता पूर्वक अभियुक्त की तलाश कर रही है।

# जौनपुर में धूमधाम से मनाया गया बिजली महोत्सव

जौनपुर सू.वि. : आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जौनपुर के सेनापुर गांव शहीद स्थल, केराकत में बिजली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में माननीय खेल कूद युवा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव बतौर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि माननीय पूर्व विधायक, केराकत दिनेश चौधरी शामिल हुए। कार्यक्रम में मेजा ऊर्जा निगम (एनटीपीसी, मेजा) के तरफ से सभी सन्माननीय अतिथियों को स्मृतिचिन्ह प्रदान किया गया। यह महोत्सव केंद्र और राज्य दोनों सरकारों द्वारा विद्युत उत्पादन, पारेषण, वितरण व अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए विभिन्न सुधारों और प्रगति का लेखा जोखा तथा देश में ऊर्जा सुरक्षा के लिए भविष्य के पाठ्यक्रम को प्रदर्शित करने का एक मंच है। कार्यक्रम में आम जनता व नीति निर्माताओं को ऑडियो–विजुअल मीडिया, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, इन्फोग्राफिक्स प्रदर्शन के द्वारा घरेलू विद्युतीकरण, वन–नेशन–वन–ग्रिड, उपभोक्ता अधिकार, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति और लाभ, विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि आदि विषयों पर लघु फिल्मों की स्क्रीनिंग के माध्यम से संवेदनशील और जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जौनपुर साई तेजा सीलम, माननीय रामविलास सिंह, जिला प्रसाशन के अधिकारीगण एवं मेजा ऊर्जा निगम (एनटीपीसी, मेजा) के और से अजित बसक, महा प्रबंधक (प्रचालन), अखिल केपी पटनायक, अपर महा प्रबंधक (मानव संसाधन), बृजेश सिंह, बरिष्ठ प्रबंधक व जिला नोडल अधिकारी, जौनपुर एवं एल डी पाण्डेय, उपप्रबंधक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## विभाग द्वारा प्राप्त नवीन प्रस्तावों की स्वीकृति हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में विभाग द्वारा प्राप्त नवीन प्रस्तावों की स्वीकृति हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कमलेश कुमार मौर्य ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु नगर पालिका परिषद जौनपुर क्षेत्र हेतु विधुत विभाग से 1148.18 लाख, राजकीय पालिटेक्टिनिक से 79.26 लाख तथा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से 414.24 कुल 1641.68 लाख का प्रस्ताव प्राप्त हुया है जिसकी स्वीकृति जिला स्तरीय समिति द्वारा की गयी। वर्ष 2022–23 में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) योजनान्तर्गत के नवीन गाइड लाइन के अनुसार अब 15 किमी0 रेडीयूज के कैचमेन्ट के अन्तर्गत 25 प्रतिशत या उससे अधिक अल्पसंख्यक आबादी वाले क्षेत्र सम्मिलित किये जा सकते है। उक्त शर्त के क्रम में विकास खण्ड शाहगंज के कुल 41 ग्राम पंचायतों की सूची खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा उपलब्ध करायी गयी है। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। कि कैचमेन्ट एरिया शाहगंज में अपने विभाग से सम्बन्धित औचित्यपूर्ण प्रस्ताव नवीन गाइड लाइन के अनुसार तैयार कर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय को 02 दिवस के अन्दर उपलब्ध करना सुनिश्चित करें, ताकि प्रस्तावों को जिला स्तरीय कमेटी से स्वीकृत के उपरान्त शासन को प्रेषित किया जा सके। उपरोक्त बैठक में मा० सांसद सदर के प्रतिनिधि चन्द्र भूषण यादव, मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेसन अधिकारी, परियोजना अधिकारी नेडा, जिला सेवायोजन अधिकारी, प्राचार्य पालिटेक्निक, क्रीडा विभाग, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम विभाग आदि अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## लायंस क्लब सूरज के तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

जौनपुर पत्रकार मनीष श्रीवास्तव : लायंस क्लब जौनपुर सूरज डिस्ट्रिक – 321ई द्वारा दिनांक 30/07/2022 को नगर के भण्डारी रेलवे स्टेशन निकट उच्च रक्तचाप, मधुमेह,फिजियोथिरैपी



परामर्श के साथ निरूशुल्क जाँच शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें लायन्स क्लब सूरज के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण एवं सदस्यों ने अपनी सहभागिता निभाई। निरूशुल्क जाँच शिविर में आए हुए चिकित्सक डा. निखिल कुमार साहू, डा. सत्यम गुप्ता डी.एम.एल. टी. द्वारा लायन्स क्लब सूरज के सभी पदाधिकारीगणों व सदस्यों सहित लगभग दो दर्जन से अधिक लोगों ने इस दौरान भारी संख्या में पहुंचकर अपने स्वास्थ्य सम्बन्धित जाँच कराते हुए चेकअप कराया साथ ही लोगों ने बढ़–चढ़कर लायन्स क्लब सूरज द्वारा लगाये गए शिविर में उपस्थित होकर डॉक्टरों की टीम द्वारा बीपी शुगर कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियों की जांच की गई साथ शिविर में आए हुए लोगों को निशुल्क दवाएं भी वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में लायन्स क्लब सूरज के अध्यक्ष आनन्द स्वरुप, सचिव विजय कृष्ण साहू, कोषाध्यक्ष विकास साहू, जोन चेयरपर्सन संतोष साहू (बच्चा) लेडी लायन मीना साहू, लेडी लायन रेखा मौर्या, अरुण सिंह, त्रिपुंड भास्कर मौर्य, दशरथ मौर्य, राजेन्द्र खत्री,ललित कुशवाहा, संतोष मौर्य, अरविंद जायसवाल, अमित कुमार साहू, मनीष श्रीवास्तव, नीरज शाह, अनूप जायसवाल, डा. सत्यम गुप्ता, डा. निखिल कुमार साहू उपस्थित रहें।

### श्रावण में बाबा सिद्धनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की पूरी होती मनोकामनाएं

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) हरदोई से करीब 21 किमी. की दूरी पर हरदोई–शाहजहांपुर मार्ग पर मियांपुर ग्रामसभा के राजस्व ग्राम हुसेनापुर धौकल में स्थापित इस सिद्धनाथ बाबा मंदिर पर आने वाले हर श्रद्धालु की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं ।यह मंदिर हरदोई–शाहजहांपुर मुख्य मार्ग एवं मियांपुर गांव से करीब डेढ़ किमी. दूरी पर स्थित है ।तथा रेल मार्ग के टोडरपुर स्टेशन से करीब एक किमी.की दूरी पर है ।सावन में तो यहां सुदूर क्षेत्रों से भक्त आते ही हैं ।वैसे भी सामान्य दिनों में मुंडन,जन्मदिन, रुद्राभिषेक आदि के लिए भी महिलाओं ,पुरुषों ,बच्चों का यहां आवागमन होता रहता है। शिव सत्संग मंडल आश्रम,हुसेनापुर धौकल(टोडरपुर) स्थित सिद्धनाथ बाबा मंदिर के विषय में मण्डल के प्रचार प्रमुख महावीर सिंह ने बताया कि यह शिवालय वर्ष 1993 में तत्कालीन ग्राम प्रधान हरिकरण, तहसीलदार मनमोहन सक्सेना,उपजिलाधिकारी रामकृपाल श्रीवास्तव एवं संत श्रीपाल के संयुक्त प्रयास से स्थापित किया गया ।तब यहां की भूमि ऊसर बंजर थी ।लेकिन जब से शिव भक्तों,कांवरियों ने यहाँ आना जाना शुरू किया तथा भगवान शंकर की उपासना शुरू की ।पूरे क्षेत्र का वातावरण ही आध्यात्मिक हो गया ।सब तरफ हरियाली ही हरियाली हो गई ।तब यहां महात्मा बोदिलदास एक झोपड़ी में रहते थे ।शनैः शनैः भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होने लगीं ।जिससे विशेषकर हर सोमवार को सत्संगीजनों ,शिव उपासकों की संख्या बढ़ी ।और फिर हर माह की पहली तारीख को भक्तों व संतों का समागम होने लगा। मंदिर की निगरानी व व्यवस्था की देखभाल करने वाले शिव सत्संग मण्डल के मंडलाध्यक्ष आचार्य अशोक बताते हैं कि आश्रम व मंदिर परिसर में संतों भक्तों के लिए भंडारा व्यवस्था एवं स्वल्पाहार की



व्यवस्था प्रसाद के साथ रहती है ।उनका कहना है कि शिव की उपासना सभी वर्गों व संप्रदायों के लिए शुभ और कल्याणकारी है ।सिद्ध नाथ बाबा मंदिर के पुजारी महात्मा शांतानंद कहते हैं कि शंकर भगवान की पूजा अर्चना तो वर्षभर होती है ।परंतु श्रावण माह में भक्तों की आस्था, श्रद्धा, विश्वास देखते ही बनता है ।भक्तों के विश्राम और सत्संग के लिए अलग मंडलाध्सत्संग स्थल एवं साधना स्थल बना हुआ है ।प्रतिदिन ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाता है ।ताकि किसी भक्त को कोई असुविधा न हो ।शिव शिव बोलो, निर्भय डोलो,सत्यम शिवम् सुंदरम एवं जय शिव का उद्घोष वातावरण भक्तिमय बनाता है।

## हरियाली तीज के अवसर पर कुबेर लाल जन सेवा संस्थान की और से हुआ भव्य कार्यक्रम का आयोजन

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना)सावन के हरियाली तीज के अवसर पर कुबेर लाल जन सेवा संस्थान की अध्यक्ष एवं फाउंडर निरमा देवी एवं संस्थान के सभी सदस्यों ने पौराणिक स्थल पिन्दौरखेड़ा, ग्राम सभा पिंडारी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी महिलाओं ने हरी साड़ी व सोलह श्रंगार कर सावन के गीत गए, जिसमे हल्की हल्की बारिश की फुहारों में हरे रंग में रंगी हुई मातृ शक्तियों ने एक उमंग भर देने वाला माहौल बना दिया। और कार्यक्रम में चार चांद तब लगे जब गाने बजाने के साथ साथ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमे जीतने वाले को पुरस्कार का वितरण किया गया। और फिर सावन के माह मे झूले का एक अलग ही मजा है, इसी के साथ ही महिलाओ व बच्चों ने जमकर झूले का आनंद लिया। उसके बाद सभी ने बाटी– चोखा का का आनंद लिया साथ ही बच्चो को बिस्कुट , नमकीन, चॉकलेट आदि का वितरण करते हुए सफल कार्यक्रम का समापन



किया गया। इस मौके पर अमिता मिश्र, ज्योति सिंह, प्रीति तिवारी, काजल गुप्ता, अनामिका गुप्ता, रीना गुप्ता, साधना शुक्ला, सुनीता गुप्ता, लीला पाठक, अलका गुप्ता, गीता शुक्ला, विजय लक्ष्मी सिंह, आरती मिश्रा स्वतंत्र, प्रीती सिंह ,स्मिता सिंह, राजमती सिंह, सीमा गुप्ता, नितिन गुप्ता, शुभम प्रताप सिंह तोमर,अवधेश ,गौरव सिंह ,रमन त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।

## गोनार्ड हास्पिटल के कैम्प में हुआ महिलाओं का निःशुल्क परीक्षण उपचार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोनार्ड हॉस्पिटल नवाबगंज गोण्डा के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर लगाकर सैकड़ों महिलाओं का निरूशुल्क जांच कर दवाएं उपलब्ध कराई गई। गोनार्ड हॉस्पिटल के इकाई तरबगंज में निःशुल्क स्वास्थ शिविर में स्त्री रोग व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. ज्योतिमा सिंह व सहायक गौरव द्विवेदी, अनिल कुमार भारती , ओम प्रकाश, स्टाफ नर्स सोनू निषाद अनीता गुप्ता एवं दर्जनों स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपस्थिति में लगभग सैकड़ों महिलाओं की स्वास्थ्य परीक्षण के साथ आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई। डॉ ज्योतिमा सिंह ने बताया कि तरबगंज




क्षेत्र की महिलाओं व पुरुषों को गोनार्ड हॉस्पिटल के तरफ से परीक्षण और चिकित्सा सुविधा समय–समय पर मुहैया कराया जाएगा।

## 10 दिनों के अंदर अनियमित स्थानांतरण निरस्त होंगे :महानिदेशक ने दी लिखित सहमति : इप्सेफ

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : आज मा उपमुख्यमंत्री चिकित्सा स्वास्थ,परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा ब्रिजेश पाठक जी के हस्तक्षेप के उपरान्त राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा स्वास्थ विभाग में किये गये स्थानांतरण नीति के विरुद्ध स्थानांतरण को लेकर चलाये जा रहे आंदोलन के सम्बंध में परिषद व संबध संगठनों के पदाधिकारियों के साथ महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ महोदया के साथ बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में पदाधिकारियों द्वारा पुनः त्रुटिपूर्ण स्थानांतरण की सूची महानिदेशक महोदया को सौंपी गई ।महानिदेशक महोदया ने सभी पदाधिकारियों को आश्वस्त करते हुए निर्णय लिया कि नीति के विरुद्ध किए गए स्थानांतरण 10 दिन के अंदर निरस्त किए जाएंगे । सरकार व विभाग कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति गम्भीर है और अन्य भी जो समस्याएँ है उसे वार्ता के माध्यम से निस्तारण किया जायेगा ।वर्तमान परिवेश में प्रदेश की जनता कई संक्रामक रोगों से जूझ रही है ऐसे में उनकी देखभाल हमी सबको मिलकर करनी है । महानिदेशक महोदया ने पदाधिकारियों व कर्मचारियों से अपील की कि अगले आंदोलन को स्थगित कर दे । आज की बैठक में स्वास्थ विभाग के डा निरुपमा दीक्षित निदेशक पैरमेडिकल , डा अनुपमा कटियार



निदेशक डेंटल , डा रागिनी गुप्ता निदेशक नर्सिंग, डा आर सी पाण्डेय ए डी मलेरिया एवं डा सोमेंद्र नाथ जे डी कुष्ठ आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे । सभी पदाधिकारियों ने बैठक कर आंदोलन को १० दिन के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया । बैठक में अध्यक्ष सुरेश रावत महामंत्री अतुल मिश्रा , डी पी ए के महामंत्री उमेश मिश्रा, ऑप्टॉमट्रिस्ट एसो के अध्यक्ष जी एम सिंह ,एक्स रे के महामंत्री दिलीप कुमार , डेंटल हेजिनिस्ट एसो के अध्यक्ष डी डी त्रिपाठी महामंत्री राजीव तिवारी, फिजियोथेरेपिसट एसो के महामंत्री अनिल चौधरी , बी के सिंह महामंत्री प्रयोगशाला सहायक संघ ,एल टी एसो के उपाध्यक्ष राजेश चौधरी ,प्रदीप कुमार ,शोभनाथ आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## कोतवाली नगर पुलिस ने शहर के एक मसाज सेंटर पर मारा छापा : मसाज सेंटर पर मचा हड़कंप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सूत्र के मुताबिक शहर में मसाज सेंटरध्पार्लर में अनैतिक गतिविधि की सूचना पर जब किसी के माध्यम से कोतवाली नगर पुलिस को मिली, तो तेज तर्रार व अनुभवी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर शमशेर बहादुर सिंह ने अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों के साथ बिना समय गंवाए उक्त मसाज सेंटर पर छापेमारी की।वही पुलिस के इस छापे को लेकर मसाज सेंटर पर हड़कंप मच गया।वही पुलिस की इस कार्यवाही से आसपास के लोग भी फोर्स देख सकते में आ गए। जिसके चलते घ्वे लोग तरह तरह की चर्चा करने लगे।हालांकि इस मामले में पुलिस ने अभी अपने होंठ सी रखे हैं।कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने छापे की पुष्टि तो की लेकिन ब्योरे से इंकार किया। उन्होंने बताया कि अभी पूरी जानकारी नहीं दी जा सकती है। मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली नगर क्षेत्र में रिकाबगंज स्थित एक नामी मसाज सेंटर/पार्लर पर अनैतिक गतिविधियां संचालित किए जाने की सूचना पुलिस को दी गई थी।इसी सूचना के आधार पर शुक्रवार दोपहर सेंटर पर पहुंची पुलिस ने महिला और पुरुष सिपाहियों के साथ छापे की कार्रवाई




की।सूत्रों की मानें तो तो छापे के दौरान पुलिस को संदिग्ध गतिविधियां मिली।बताया जा रहा है कि एक महिला और पुरुष से पूछताछ भी की गई है।दोनों पुलिस हिरासत में बताए जा रहे हैं।मसाज सेंटर पर छापे की सूचना पूरे शहर में फैल गई।लोग इस संबंध में जानकारी जुटाने में लगे हुए हैं।हालांकि इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि अभी पूरी जानकारी नहीं दी जा सकती है।उन्होंने यह जरूर कहा कि छापा मारा गया था। उन्होंने कहा कि मसाज सेंटर शहर के किस क्षेत्र में है इसकी जानकारी नहीं दी जा सकती है। फिलहाल छापे को लेकर तरह–तरह की चर्चाओं का दौर जारी है।

## देवकाली तिराहा स्थित शीशमन गार्डन में आयोजित फनलैंड प्रदर्शनी व मेले में भारी संख्या में उमड़ रही महिलाओं व बच्चों की भीड़

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)शहर के देवकाली तिराहा पर शीशमन गार्डन में आयोजित फनलैंड प्रदर्शनी व मेला इस समय मुख्य रूप से आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। मालूम हो कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक नगर के भाजपा विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने फनलैंड प्रदर्शनी व मेला का शुभारंभ फीता काट कर किया। इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जहां एक ओर इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों का मनोरंजन हो जाता है वही इस मेले के माध्यम से लोग व सगे संबंधी काफी दिनों बाद आपस मे मिल जाते हैं।इस मौके पर उन्होंने कहा कि अयोध्या में इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से भारतीय संस्कृति का विकास होता है। वही इसी कड़ी में फनलैंड प्रदर्शनी व मेला प्रोपराइटर वीरेंद्र जायसवाल ने देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व नव भारत चेतना न्यूज चैनल ब्यूरो चीफ अयोध्या राजेश श्रीवास्तव से खास मुलाकात में बताया कि देवकाली तिराहा पर स्थित शीशमन गार्डन में आयोजित फनलैंड प्रदर्शनी व मेला का शुभारंभ नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता फीता काटकर किया था। इस मौके पर उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में तरह–तरह के झूले व बच्चों के झूले व रेस्टोरेंट्स और तरह–तरह की क्राकरी की दुकानें व सौंदर्य की दुकानें बच्चों व महिलाओं के लिए उपलब्ध है।कुल मिलाकर इस मौके पर महिलाओं व बच्चों की भारी संख्या में भीड़ दिखाई दे रही थी।इन लोगों ने बताया कि हम सभी फनलैंड प्रदर्शनी व मेला में लगे स्टालो वह अन्य सामनो से संतुष्ट हैं वही मेला आयोजन द्वारा की गई व्यवस्था भी अति उत्तम है।



## एसपी सुल्तानपुर ने रिटायरमेंट से 2 दिन पहले दरोगा को किया सस्पेंड

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) अयोध्या रेंज अयोध्या में सुल्तानपुर जिले में तैनात रिटायरमेंट से दो दिन पहले एक दरोगा को रिश्वत लेने के आरोप में पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर दिया है। जिसके चलते पुलिस कप्तान की इस कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।वहीं निलंबित दरोगा का कहना है कि उसने पैसे उधार दिए थे जिसे उसने वापस लिया है। सूत्र के मुताबिक अयोध्या रेंज अयोध्या सुल्तानपुर जिले के करौंदीकलां थाने में तैनात दरोगा अनिल कुमार को शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने सस्पेंड कर दिया है। दरोगा अनिल का सोशल मीडिया पर पैसे लेते हुए एक वीडियो वायरल हुआ था। इसे संज्ञान में लेकर कप्तान ने यह कार्रवाई की है।जिसकी पुष्टि एसपी सुल्तानपुर ने स्वंय किया है। इस संबंध में बताया जा रहा है कि दो दिन बाद दरोगा सेवानिवृत हो रहे थे ऐसे में निलंबन की कार्रवाई उनके लिए कठिनाई होगी।वायरल वीडियो में पीड़ित रिपोर्ट लगाने के लिए दरोगा को पैसा देने की बात कर रहा है।उधर इस मामले में दरोगा अनिल ने बताया कि उन्होंने क्षेत्र के एक व्यक्ति को उधार पैसे दिए थे।वही पैसे जब हमने उनसे वापस मांगा था।

### नवागत जिला विकास अधिकारी का ग्राम विकास अधिकारी संघ के पदाधिकारियों ने किया स्वागत

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) शासन के मंशानुरूप जिले के सभी अधिकारी, कर्मचारी पूरे लगन, मेहनत एवं इमानदारी से कार्य कर शासन के निर्देश एवं ग्राम्य विकास के लक्ष्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय सीमा के अंदर पूर्ण करें।वही अधिकारियों, कर्मचारियों की समस्याओं का भी निस्तारण त्वरित गति से समय से किया जाएगा।उक्त बाते जनपद अयोध्या के नवागत जिला विकास अधिकारी उपेंद्र प्रसाद पाल ने जिले के ग्राम्य विकास अधिकारी संघ के पदाधिकारियों एवं उनके साथ गए अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों की एक शिष्टाचार मुलाकात में कही। नवागत जिला विकास अधिकारी श्रीपाल का आज ग्राम विकास अधिकारी संघ के पदाधिकारियों एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा बुकें भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान जिला विकास अधिकारी श्री पाल ने संघ के पदाधिकारियों से उनकी समस्याओं को समय रहते रखने पर निश्चित तौर पर निस्तारित करने का आश्वासन दिया। उनके स्वागत के दौरान उपस्थित संघ के पदाधिकारियों सहित अधिकारियों, कर्मचारियों को अपनी इस शिष्टाचार मुलाकात में शासन के निर्देश एवं ग्राम विकास के लक्ष्य के प्रति त्वरित एवं गुणवत्ता परक निस्तारण की अपेक्षा भी किया। इस मौके पर नवागत जिला विकास अधिकारी श्री पाल जी के आने से पूर्व जिला विकास अधिकारी का चार्ज परियोजना निदेशक आर पी सिंह जी के पास था।इसी कड़ी में ग्राम विकास अधिकारी संघ एवम संयुक्त खंड विकास अधिकारियो द्वारा परियोजना निदेशक श्री सिंह एवं डीसी मनरेगा नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी की उपस्थिति में नवागत जिला विकास अधिकारी श्री पाल जी को बुकँ भेंट कर स्वागत किया गया जिसमें मुख्य रूप से ग्राम विकास अधिकारी संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष पंकज मिश्रा, संयुक्त खंड विकास अधिकारी बीकापुर बद्री प्रसाद वर्मा, संयुक्त खंड विकास अधिकारी सोहावल विमलेश मोहन श्रीवास्तव, संघ के जिला महामंत्री राजेंद्र प्रसाद वर्मा, सहायक विकास अधिकारी संतोष पांडे, बद्रीनाथ पांडे, अवनीश कुमार शुक्ला, अनिल कुमार दुबे, शुभम शुक्ला उपस्थित रहे।ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के अखिलेश कुमार सिंह भी स्वागत में उपस्थित रहे।

## अयोध्या बार एसोसिएशन चुनाव में कालिका प्रसाद अध्यक्ष व सूर्य नारायण महामंत्री पद पर निर्वाचित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या बार एसोसिएशन के देर शाम खत्म हुई मतगणना के बाद कालिका प्रसाद मिश्रा अध्यक्ष पद पर तथा सूर्य नारायण सिंह मंत्री पद पर विजयी हुएसवही कोषाध्यक्ष के पद पर विकास श्रीवास्तव ने अपना परचम लहराया।मतगणना की सूची तक तक बरकरार रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। रिटर्निंग अफसर सुशील कुमार चौबे और एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन श्रवण कुमार मिश्र ने बताया कि शाम तक चली मतगणना के बाद अध्यक्ष पद पर कालिका प्रसाद मिश्र 949 वोट पाकर विजई हुए सउनके अलावा अशोक कुमार पांडे 25, इंद्र प्रताप सिंह 96, अवधेश कुमार त्रिपाठी 19, राघवेंद्र प्रताप सिंह 106. राकेश त्रिवेदी 37 राम सुभावन 229, राजेंद्र प्रताप सिंह 177, पारसनाथ पांडे 282 तथा प्रभाकर पांडे को 10 मतों से संतोष करना पड़ा। वही उपाध्यक्ष पद पर महेंद्र कुमार दुबे 537 मत पाकर विजयी घोषित हुए सउनके रनर रहे चंद्रभान सिंह को 439, सुरेंद्र कुमार सिंह 213 ,रामकुमार यादव 339, देवकीनंदन त्रिपाठी को 196 ,तथा अंजनी कुमार त्रिपाठी उर्फ प्रभु जी को 220 मतों से संतोष करना पड़ा स तीन मत अवैध पाए गए।सबसे महत्वपूर्ण मंत्री पद पर सूर्य नारायण सिंह ने 813 मत पाकर विजयश्री हासिल की जबकि उनके रन रहे विपिन कुमार मिश्रा को 765, शैलेंद्र जायसवाल को 278 तथा भागवत प्रसाद पांडे को 79 मतों से संतोष करना पड़ सतथा अवैध मतों की संख्या 9 रही। वही संयुक्त मंत्री प्रथम पर प्रमोद शंकर पांडे 682 मत पाकर विजयी हुएस उनके निकटतम प्रतिद्वंदी संतोष कुमार को 662 तथा राजेंद्र कुमार त्रिपाठी को 529 मत मिलेस संयुक्त



मंत्री द्वितीय पद पर विवेक कुमार श्रीवास्तव 669 मत पाकर विजयी हुए जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी रविंद्र पांडे को 663 तथा जय प्रकाश पाल को 538 मतों से संतोष करना पड़ास इस पद पर 64 अवैध मत पड़े। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर विकास श्रीवास्तव 799 मत पाकर विजयी हुएस उनके निकटतम प्रतिद्वंदी वीरेंद्र कुमार मिश्र को 660, सुशील कुमार मिश्र को 337 मतों से संतोष करना पड़ा तथा अवैध मतों की संख्या 135 रहीस कार्यकारिणी पर आशीष त्रिपाठी 123 तथा राम प्रकाश वर्मा 877 मत पाकर विजयी हुए जबकि इसके तीसरे प्रत्याशी रामकिशोर को 545 मत मिले।कार्यकारिणी सी के लिए उपेंद्र कुमार मिश्रा 756 तथा नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव 787 मत पाकर विजई हुए जबकि इनके अलावा बद्री प्रसाद यादव को 655 योगेश पांडे को 617 मतों से संतोष करना पड़ा स कार्यकारिणी ए पर रामनाथ शर्मा का पर्चा खारिज होने के कारण हरिनाथ सिंह और सलाउद्दीन पहले ही निर्विरोध हो गए थेस संयुक्त मंत्री द्वितीय पद पर हुई दोबारा मतगणना भी विवेक श्रीवास्तव विजयी घोषित किए गएस

## एसएसपी के फटकार के बाद बीकापुर कोतवाली क्षेत्र में मारपीट छेड़खानी एवं दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सराय खरगी गांव में दबंगों द्वारा दलित युवती को सरे राह बर्बरता पूर्वक पीटे जाने का मामला प्रकाश में आया है।पीड़ित के मुताबिक इस मामले में बीकापुर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना के तुरंत बाद आरोपियों के विरुद्ध एफ आई आर न दर्ज किए जाने के बाद पीड़ित युवक ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या का दरवाजा खटखटाया।जहां एसएसपी प्रशांत वर्मा नेघ इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इसमें शामिल आरोपी गणों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज किए जाने के आदेश बीकापुर कोतवाली पुलिस को दिए। जिसके आधार पर बीकापुर पुलिस ने तीन युवकों के विरुद्ध मारपीट, छेड़खानी एवं दलित उत्पीड़न की गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।हालांकि पुलिस भी मामले में किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।वही बीकापुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सराय खरगी निवासी राम कपूर पासवान पुत्र स्वर्गीय राम अवतार पासवान ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी शोभा पासवान व पुत्री को गांव के ही अजय गौड़ पुत्र शिव दुलारे, श्याम बाबू सिंह पुत्र रूद्र भान सिंह एवं प्रिंस सिंह पुत्र सूर्यभान सिंह ने बीते 4 जून व 14 जून को मारपीट



अश्लीलता करते हुए सरेआम बेइज्जत करने का प्रयास किया था। इसके संबंध में पीड़ित महिला ने घटना दिनांक को ही थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र दिया, परंतु आरोपी गणों के प्रभाव में आकर क्षेत्रीय पुलिस में कोई कार्यवाही नहीं की। जिसके बाद उसने स्वयं अपनी पत्नी व पुत्री का मेडिकल कराया था। बीकापुर कोतवाली पुलिस से न्याय न मिलने के के बाद पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का दरवाजा खटखटाया था जहां एसएसपी ने मामले का संज्ञान लिया और आरोपियों के विरुद्धध एफआइआर दर्ज किए जाने के आदेश बीकापुर कोतवाली पुलिस को दिए।अंततः बीकापुर थाने के प्रभारी निरीक्षक ने आरोपियों अजय गौड़ पुत्र शिव दुलारे, श्याम बाबू सिंह पुत्र रूद्र भान सिंह एवं प्रिंस सिंह पुत्र सूर्यभान सिंह के विरुद्ध धारा 323, 354, 506 आईपीसी एवं दलित उत्पीड़न एक्ट की गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बाराबंकी–बहराइच हाइवे पर बाइकों की भिड़ंत के बाद पिकअप ने रौंदा : पांच की मौत

बाराबंकी ब्यूरो : बारिश के बीच बाराबंकी के मसौली थाना क्षेत्र में बाराबंकी– बहराईच हाईवे पर शनिवार की दोपहर दो बाइक आपस में टकरा गईं। इसी दौरान एक तेज रफ्तार माल वाहक पिकअप बाइक से गिरे पांच युवकों को रौंदता चला गया। हादसे में पांचो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए थे। मसौली



थाना क्षेत्र के किंहौली निवासी दीपक गौतम (28), अभिषेक गौतम (23) व शिवकरन गौतम (32) मजदूर है। शुक्रवार सुबह तीनों पड़ोस के गांव बिरौली में आई खाद ट्रक से उतारने के बाद एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। इसी बीच पीछे से आ रही एक बाइक ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर होते ही दोनों बाइकें पलट गईं और पांचों युवक सड़क पर जा गिरे। इस दौरान रामनगर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप वाहन सड़क पर पड़े युवकों को रौंदते हुए निकल गया। इस दर्दनाक हादसे में दीपक, अभिषेक, शिवकरन व दो अन्य सतरिख थाने के जाटा बरौली गांव निवासी अज्ञात युवकों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी मृतकों के शवों को जिला अस्पताल की मर्च्यूरी में रखवाया है। बाइक सवार युवक हेलमेट नहीं लगाए हुए थे। सूचना पर मृतकों के घर में कोहराम मच गया। पुलिस अज्ञात दो युवकों की बाइक में मिले कागजातों के सहारे पहचान करने में जुटी है।

## गन्ने की फसल का निरीक्षण कर किसानों को पोक्का बोईंग बीमारी की दी जानकारी

उमाकान्त श्रीवास्तव , ब्यूरो चीफ शाहजहाँपुर : जिला गन्ना अधिकारी ने सहकारी गन्ना विकास समिति रोजा एवं रोजा चीनी मिल के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपरिया प्रहलाद में किसानों की बोई गयी गन्ने की फसल को मौके पर जाकर देखा कि कुछ खेतों की फसल में पोक्का बोईंग नामक बीमारी लग रही है स यह बीमारी गन्ने की फसल में बरसात के दिनों में लगती है स ज्यादातर इसके लक्षण जुलाई से लेकर सितम्बर तक दिखाई देते हैं स रोग लगने से पौधे की पत्ती ऐठने लगती हैं।तथा कुछ दिनों बाद पत्ती हल्की पीली सफेद होने के बाद लाल – भूरी होकर पौधे नष्ट होने के साथ ही पौधे की बढ़वार रुक जाती है स पौधे में प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया बंद होने से गन्ना सूखने लगता है स तथा समय पर इस रोग का नियंत्रण न होने पर रोग बढ़ जाता हैं और किसानो को भारी नुकसान उठाना पड़ जाता है स इस रोग के लक्षण दिखायी देने पर कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 0.20 : ( 200 ग्राम दवाई. 100 लीटर पानी मे घोलकर ) का छिड़काव करे स रोग खत्म न होने पर 10 – 12 दिन के बाद दूसरा छिड़काव करे स रोजा चीनी मिल के विकास प्रमुख अक्षय



श्रीवास्तव ने किसानों को बताया गया कि वह चीनी मिल से दवाई प्राप्त कर सकते हैं स किसी भी असुविधा के लिये किसान हेल्प डेस्क से सम्पर्क कर सकते है स किसान के खेतो पर भ्रमण के दौरान रोजा चीनी मिल के गन्ना प्रबंधक रविंद्र सिंह , ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक रोजा डॉ सुनील कनौजिया , सचिव सहकारी गन्ना समिति रोजा मानवेन्द्र त्रिपाठी एवँ अन्य लोग साथ थे।

## निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत सभी ए आर पी एवं के आर पी का ब्लॉक स्तरीय सन्दर्भदाता प्रशिक्षण डायट पर सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल कार्यान्वयन हेतु भारत सरकार द्वारा चलाए गए देश व्यापी अभियान निपुण भारत मिशन की शुरुआत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को दृष्टि में रखते हुए की गयी है। इसी को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने निपुण लक्ष्य निर्धारित किए है, जिसे 2025–26 तक सभी बच्चों द्वारा हासिल करने के सम्बंध में सभी शिक्षकों, शिक्षा मित्रों का क्षमता संवर्धन कराए जाने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तरीय सन्दर्भदाताओं को चार दिवसीय प्रशिक्षण डायट अयोध्या पर टीम एस आर जी एवं डायट मेंटर द्वारा प्रदान किया गया पजिसमें डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी द्वारा भाषा और गणित में आगामी 22 सप्ताह तक होने वाले सभी शिक्षण योजनाओं पर कार्य पत्रक के आधार पर बच्चों से करवाने वाले कार्यों के विषय मे विस्तार से बताया गया। इस मौके पर मनीष रस्तोगी ने कोविड के कारण होने वाले



अधिगम क्षति को कैसे दूर किया जाएगा इसके बारे में पूरी जानकारी प्रतिभागियों से साझा की।इसी कड़ी में डायट मेंटर राम प्रसाद जी ने सभी से सीखने के सिद्धांत पर प्रतिभागियों से विधिवत चर्चा की। वही इस मौके पर अमित कुमार मिश्र ने कक्षा प्रबंधन एवं अभिभावकों से सहयोग लिए जाने पर विस्तार से चर्चा की द्यइस मौके पर प्रशिक्षण के अंत मे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने सभी से निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को आत्मसात कर प्रत्येक बच्चे के सीखने को सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

## राजकीय आईटीआई सिद्धीकपुर जौनपुर मे हुआ अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक 30/07/2022 को राजकीय आईटीआई जौनपुर के कैंपस में देश की प्रतिष्ठित कंपनी हाकिन्स कूकर यूएएल उत्तर प्रदेश, अस्तित्व इंटरप्राइजेज ,एचआईएल आदि कंपनियों द्वारा अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय एवं प्राइवेट आईटीआई के विभिन्न ट्रेडों के पास आउट लगभग 76 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनका साक्षात्कार के पश्चात 21 अभ्यर्थियों का अप्रेंटिस के लिए चयन हुआ । राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य श्री भूपेंद्र कुमार पाल जी द्वारा चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी गई। मेले में राजकीय आईटीआई के स्टाफ आशिष सिंह (अप्रेन्टिस प्रभारी ) देवेश यादव



(अप्रेन्टिस सह प्रभारी) शशिकांत, शशिकांत सिंघानी सुप्रिया राय अमित कुमार आदि ने अपना सहयोग दिया।

## पुलिस मॉडर्न स्कूल पीएसी भुल्लनपुर वाराणसी में कक्षा पांच से बढ़कर अब कक्षा आठ तक होंगे शिक्षण कार्य

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)34 वी वाहिनी पीएसी बटालियन पीएसी वाराणसी मीडिया सेल के मुताबिक अब वर्तमान समय में 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी परिसर में प्रचलित पुलिस मॉडर्न स्कूल अब कक्षा 5 के स्थान पर अब कक्षा 8 तक बच्चों को शिक्षा प्रदान करेगा। सूत्र के मुताबिक अब तक वाहिनी के इस विद्यालय में नर्सरी से कक्षा 5 तक ही शिक्षा प्रदान की जाती थी। परंतु इस बटालियन के सेनानायक डॉ. राजीव नारायण मिश्र, आईपीएस के प्रयासों के फलस्वरूप अब पुलिस मॉडर्न स्कूल में छात्र–छात्राएं कक्षा 8 तक की शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इसी क्रम मे शनिवार को सेनानायक डॉ. मिश्र द्वारा परंपरागत तरीके से पूजन के साथ पुलिस मॉडर्न स्कूल में नवनिर्मित कक्षाओं का स्कूल के ही बच्चों से फीता कटवाकर उद्घाटन किया गया।उल्लेखनीय है कि पुलिस मॉडर्न स्कूल, पुलिस परिवार के बच्चों को सुविधापूर्वक, उच्च शिक्षा देने के उद्देश्य से वर्ष 2008 में वाहिनी में प्रारंभ किया गया था। इस अवसर पर सेनानायक डॉ मिश्र द्वारा बच्चों को चॉकलेट एवं मिठाइयां वितरित की गई एवं खुशियों को साझा किया




गया।इस समारोह में नरेश सिंह यादव, सहायक सेनानायक, देवपाल, शिविरपाल, रणजीत कुमार तिवारी, सूबेदार सैन्य सहायक सहायक शिविरपाल, विंध्यवासिनी पांडेय, प्रधानाचार्य पुलिस मॉडर्न स्कूल श्रीमती दीपशिखा, अध्यापकगण एवं वाहिनी के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस मौके पर अंत में डॉक्टर मिश्र द्वारा उपस्थित स्टाफ एवं अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों का आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया गया।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।